MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

प्रशासकीय खंड, शास्त्रीनगर, मुंगेर–811201

दिनांक– 02.06.2026

DEPARTMENT OF EXAMINATIONS

सूचना सं0–MUEX- 19/678 /2026

स्नातकोत्तर विनियमावली के Clause 9.1 (iii) के आलोक में सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सूचित किया जाता है कि स्नातकोत्तर सेमेस्टर–4 का परीक्षा प्रपत्र भरने हेतु अभ्यर्थी का सेमेस्टर–1 के सभी पत्रों में तथा सेमेस्टर–2 एवं सेमेस्टर–3 के कम–से–कम तीन–तीन पत्रों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। साथ ही, वैसे छात्र–छात्राएँ जिन्हें सेमेस्टर–2 एवं सेमेस्टर–3 में प्रोन्नत घोषित किया गया है तथा जो सेमेस्टर–4 परीक्षा प्रपत्र भरने के पात्र हैं, उनसे संलग्न प्रारूप में शपथ–पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए। शपथ–पत्र प्राप्त किए बिना किसी भी प्रोन्नत अभ्यर्थी का परीक्षा प्रपत्र अग्रसारित नहीं किया जाएगा। प्राप्त शपथ–पत्र विभाग/महाविद्यालय स्तर पर अभिलेख हेतु सुरक्षित रखा जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। अतः सभी संबंधित छात्र– छात्राओं को उक्त प्रावधनों से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

02/06/2026

परीक्षा नियंत्रक
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

CONTROLLER OF EXA[illegible]
Munger University, Munger

02/06/26

शपथ–पत्र (Promoted Student के लिए)

शपथ–पत्र / UNDERTAKING

मैं,..,पिता / पति...............................
....,नामांकित छात्र / छात्रा,स्नातकोत्तर–4, विषय.., पंजीयन संख्या.. एवं विश्वविद्यालय अनुक्रमांक.. ,एतद् द्वारा शपथपूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि–

1. मैं स्नातकोत्तर सेमेस्टर–2 एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर–3 में प्रोन्नत हूँ। मुझे स्नातकोत्तर विनियमावली के Clause 9.1 (iii) एवं Clause 9.1 (iv) के प्रावधानों की पूर्ण जानकारी हैं।

2. मुझे ज्ञात है कि सेमेस्टर–4 परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान किए जाने मात्र से मुझे उपाधि प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

3. मैं यह स्वीकार करता / करती हूँ कि उपाधि प्रदान किए जाने से पूर्व विनियमावली के अनुसार सभी लंबित पत्रों को उत्तीर्ण करना मेरी जिम्मेदारी होगी।

4. भविष्य में इस संबंध में किसी प्रकार की जटिलता उत्पन्न होने पर उसका संपूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा तथा इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा।

अतः उक्त तथ्यों के आलोक में मुझे स्नातकोत्तर सेमेस्टर–4 परीक्षा प्रपत्र भरने / परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाय।

छात्र का हस्ताक्षर

नाम–
पंजीयन सं.–
क्रमांक–